# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 6460/52/2025/चयन इन्दौर दिनांक 22 JUL 2025

## //विज्ञप्ति//

**राज्य सेवा परीक्षा 2024 के पद हेतु साक्षात्कार आयोजित किए जाने संबंधी सूचना एवं विज्ञापित पदों की अग्रमान्यता ऑनलाइन प्रस्तुत करने बाबत् ।**

आयोग के विज्ञापन क्र. 40/2023 दिनांक 30.12.2023 एवं शुद्धिपत्रादि के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों हेतु राज्य सेवा परीक्षा 2024 के कुल–110 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है उक्त पदों के ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तिथि 18.02.2024 निर्धारित थी ।

2/ निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि **राज्य सेवा परीक्षा 2024 के रिक्त पदो के साक्षात्कार आयोग कार्यालय में दिनांक 18.08.2025 से आयोजित किए जाना सुनिश्चित किए गए हैं । उपरोक्त पद हेतु आयोग द्वारा योग्य आवेदकों के साक्षात्कार पत्र, आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in से दिनांक 08.08.2025 से डाउनलोड कर सकते हैं ।**

3/ साक्षात्कार हेतु योग्य आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि साक्षात्कार दिवस को **प्रातः 10:00** बजे आयोग कार्यालय में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित करें । समस्त आवेदक साक्षात्कार पत्र में दर्शित शर्तो का गहनता से परीक्षण कर उसका पालन करना सुनिश्चित करें।

4/ उक्त साक्षात्कार हेतु योग्य सभी अभ्यर्थियों को उपरोक्त विज्ञापन एवं शुद्धिपत्र क्रमांक 01/40/2023, दिनांक 30.01.2024 के अंतर्गत अद्यतन पदों के विवरण का सूक्ष्मता से अवलोकन उपरांत ऑनलाइन अग्रमान्यता प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वह ऑनलाइन अग्रमान्यता पत्रक की सुस्पष्ट 02 प्रति साक्षात्कार दिवस को अनिवार्यतः साथ लेकर आना सुनिश्चित करेंगे ।

5/ **अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 12.08.2025 से उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन अग्रमान्यता भर सकेंगे ।** (उक्त विज्ञप्ति के साथ पदों का अग्रमान्यता पत्रक का प्रारूप उपलब्ध है)

6/ **मुख्य परीक्षा के परीक्षा परिणाम अनुसार, मुख्य भाग (87 प्रतिशत) हेतु लघुसूचीकृत एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत) हेतु लघुसूचीकृत अभ्यर्थी आयोग द्वारा जारी विज्ञापन क्रमांक 40/2023 दिनांक 30.12.2023 एवं शुद्धिपत्र में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग हेतु पृथक–पृथक विज्ञापित पदों के सूक्ष्म अवलोकन उपरांत ही अभ्यर्थी अग्रमान्यता ऑनलाइन सबमिट करें ।** साक्षात्कार हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन अग्रमान्यता नही भरने की स्थिति में आयोग द्वारा संलग्न अग्रमान्यता पत्रक के क्रम अनुसार ही ऐसे अभ्यर्थी की अग्रमान्यता स्वयमेव ही भरी मानी जाएगी एवं इसमें परिवर्तन के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई अभ्यावेदन स्वीकार नही किया जाएगा ।

**विशेष :–**

1. ऑनलाइन अग्रमान्यता भरते समय दर्शित समस्त निर्देशों का सूक्ष्मता से अवलोकन करने के उपरांत ही अभ्यर्थी अपनी अग्रमान्यता अंकित करना सुनिश्चित करेंगे ।
2. ऑनलाइन अग्रमान्यता के आधार पर लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के प्राप्त अंकों की मेरिट सूची अनुसार अंतिम चयन परिणाम तैयार किया जाता है, अतः अभ्यर्थी द्वारा एक बार ऑनलाइन अग्रमान्यता सबमिट किए जाने के उपरांत किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार के परिवर्तन/संशोधन का कोई प्रावधान नही है । अतः आवेदक ध्यानपूर्वक अपनी अग्रमान्यता सबमिट करें ।
3. जिन पदों हेतु शारीरिक मापदंड आवश्यक है । अभ्यर्थी अग्रमान्यता भरने के पूर्व विज्ञापन अनुसार स्वयं का शारीरिक परीक्षण अनिवार्यतः करने के पश्चात् ही उस पद का चयन करें । भविष्य में चयनित एवं अपात्र होने पर अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे ।

22.07.25

उप परीक्षा नियंत्रक (चयन)

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर

विज्ञापन क्रमांक :– 40/2023 दिनांक 30.12.2023 परीक्षा का नाम :– राज्य सेवा परीक्षा 2024

## मुख्य भाग (87–प्रतिशत)/प्रावधिक भाग (13–प्रतिशत) में लघुसूचीकृत आवेदकों हेतु अग्रमान्यता पत्रक का प्रारूप

| पद का कोड | पद का नाम | श्रेणी | वेतनमान | विभाग का नाम | वरीयता क्रम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य प्रशासनिक सेवा उप जिलाध्यक्ष | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | सामान्य प्रशासन विभाग | |
| 2 | उप पुलिस अधीक्षक | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | गृह (पुलिस) विभाग | |
| 3 | मध्य प्रदेश वित्त सेवा | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | वित्त विभाग | |
| 4 | सहायक संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | वित्त विभाग | |
| 5 | मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी "ख" | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | नगरीय विकास एवं आवास विभाग | |
| 6 | अतिरिक्त सहायक विकास आयुक्त (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत) | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 9300-34800+ 4200 ग्रेड पे | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग | |
| 7 | सहायक संचालक प्रशासन या सहायक संचालक प्रशिक्षण | द्वितीय श्रेणी राजपत्रित | 15600-39100 + 5400 ग्रेड पे | पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | |
| 8 | वाणिज्यिक कर निरीक्षक | तृतीय श्रेणी कार्यपालिक | 9300-34800+ 3600 ग्रेड पे | वाणिज्यिक कर विभाग | |
| 9 | आबकारी उप निरीक्षक | तृतीय श्रेणी कार्यपालिक | 9300-34800+ 3600 ग्रेड पे | वाणिज्यिक कर विभाग | |
| 10 | मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रेणी "ग" | तृतीय श्रेणी कार्यपालिक | 36200-114800 | नगरीय विकास एवं आवास विभाग | |
| 11 | मध्य प्रदेश अधीनस्थ लेखा सेवा | तृतीय श्रेणी कार्यपालिक | 9300-34800+ 3600 ग्रेड पे | वित्त विभाग | |